दिन– रविवार दिनांक– 08 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार आज आधिकारिक तौर पर जदयू की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

02. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आज देश–प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा– महिलाएं समाज और राष्ट्र की नींव हैं।

03. मौसम विभाग का पूर्वानुमान – कल से एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से ग्यारह मार्च तक राज्य के विभिन्न भागों में बारिश की सम्भावना।

04. और, आईसीसी पुरुष टी–20 क्रिकेट विश्व कप के खिताबी मुकाबले में आज भारत और न्यूजीलैंड आमने सामने होंगे।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार आज आधिकारिक तौर पर जदयू की सदस्यता ग्रहण करेंगे। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि पार्टी उनकी भूमिका तय करेगी।

———बाइट———

श्री झा ने कहा है कि राज्य में गठित होने वाली नई सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में ही काम करेगी। उन्होंने पटना में पार्टी जिलाध्यक्षों के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुये कहा कि राज्यसभा सदस्य बनने के बाद भी नीतीश कुमार अपना अधिकांश समय बिहार को देंगे।

———बाइट———

इधर, बिहार में अगला मुख्यमंत्री कौन होगा इसे लेकर चर्चा शुरू हो गयी हैं। इस सिलसिले में एनडीए के गठबंधन दलों के बीच विमर्श शुरू हो गया है।

———————————————————————

आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। इस वर्ष का विषय है– महिलाओं और बालिकाओं के लिए अधिकार, न्याय और कार्रवाई। यह महिला अधिकारों को मजबूत करने, न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने और स्त्री–पुरुष समानता में तेजी लाने की भावना को दर्शाता है। एक रिपोर्ट–

———साउंड बाईट———

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज और राष्ट्र की नींव हैं और शिक्षित, आत्मनिर्भर तथा सशक्त

महिलाएं समृद्ध और प्रगतिशील राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। इस अवसर पर आज देशभर में कई कार्यक्रम हो रहे हैं।

———————————————————

अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश में भी कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर पटना के ज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग की ओर से महिलाओं के सम्मान में कई योजनाओं की शुरूआत की जायेगी। समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी पिंक बसों को हरी झंडी दिखायेंगे। श्री सहनी क्षेत्रीय स्तर की महिलाओं की प्रेरणादायक कहानियों के लिए ऑनलाईन पोर्टल का शुभारंभ और बाल विवाह उन्नूलन के लिए ड्राफ्ट गाईडलाईन का विमोचन करेंगे। वहीं, विमेंस एचीवर्स को बिहार अपराजिता सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेकम कुमार ने अपनी शुभकामना दी हैं। राज्यपाल ने कहा है कि भारतीय संस्कृति और परंपरा में महिलाओं को हमेशा उचित सम्मान मिला है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि राज्य सरकार पिछले उन्नीस वर्षों से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज के विकास में अहम भूमिका निभाती है। उनके बिना समृद्ध समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है।

———————————————————

भाजप की वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणू देवी ने इस अवसर पर अपनी शुभकामना देते हुये कहा कि भारत भूमि पर स्त्रियों का हमेशा सम्मान हुआ है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार में महिलाओं का योगदान हर क्षेत्र में बढ़ा है।

———साउंड बाईट———

———————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य के विभिन्न जिलों में नये थाना भवन का निर्माण किया जायेगा। इनमें पूर्वी चम्पारण, अररिया, सारण, बेगूसराय और किशनगंज में नये थाना भवन और आधारभूत संरचना का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान करते हुये इस योजना पर छियालीस करोड़ चौंतीस लाख रूपये से अधिक की राशि खर्च किये जाने की मंजूरी दी है। श्री चौधरी ने कहा कि इन प्रस्तावों के आधार पर पांच नई योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी है।

———————————————————

राज्य सरकार नई नीति के तहत सेमी कंडक्टर और एआई हब बनाने की घोषणा की है। नई नीति के अन्तर्गत अगले पांच वर्षों में राज्य में पचास हजार सेमी कंडक्र पेशेवर तैयार किये जायेंगे। इसके तहत सरकार सेमी कंडक्टर क्षेत्र में पच्चीस हजार करोड़ रूपये की निवेश योजना तैयार की है। इससे वर्ष दो हजार तीस तक दो लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। गौरतलब है कि राज्यमंत्रि मंडल ने पिछले दिनों बिहार सेमी कंडक्टर नीति दो हजार छब्बीस को स्वीकृति प्रदान की थी। इसके जरिये बिहार को दो हजार तीस तक पूर्वी भारत के टेक्नोलॉजी के रूप में विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

——————————————————————

लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनेन चौदह मार्च को बिहार के राज्यपाल के रूप में शपथ लेंगे। वे बिहार के तीसवें राज्यपाल होंगे। लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे।

——————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में पांच सौ बयालीस करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय को जोड़ने वाली सुरंग का कार्यारंभ करेंगे। लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी इस आधुनिक भूमिगत सुरंग में गोल्फ कार्ट सेवा और लिफ्ट की सुविधा भी होगी। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा और कला संस्कृति मंत्री अरूण शंकर प्रसाद समेत कई गणमान्य लोग उपस्थि रहेंगे।

——————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि कल से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से ग्यारह मार्च तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश हो सकती है। इस दौरान मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की सम्भावना है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई है। चौंतीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ राजगीर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि न्यूनतम तापमान में क्रमिक रूप से बढ़ोतरी होगी।

———बाइट———

——————————————————————

आईसीसी पुरुष टी–20 क्रिकेट विश्व कप के खिताबी मुकाबले में आज भारत और न्यूजीलैंड आमने सामने होंगे। यह मैच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में शाम सात बजे से खेला जाएगा। भारतीय टीम चौथी बार जबकि न्यूजीलैंड दूसरी बार प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

——————————————————

पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति को देखते हुए, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने इस क्षेत्र में नौ, दस और ग्यारह मार्च की बारहवीं की परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। बोर्ड ने बताया कि दस मार्च को स्थिति की समीक्षा की जाएगी और बारह मार्च से होने वाली परीक्षाओं के संबंध में उचित कार्रवाई होगी। विद्यार्थियों को अपने विद्यालयों के संपर्क में रहने और आधिकारिक घोषणाओं का पालन करने की सलाह दी गई है।

——————————————————

निःशुल्क दवा उपलब्ध कराने में बिहार फरवरी महीने में एक बार फिर देशभर में अव्वल हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि पिछले अठारह महीनों से मरीजों को निःशुल्क दवा उपलब्ध कराने के मामले में बिहार शीर्ष पर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सभी स्तर के सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों में मुफ्त दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की है।

——————————————————

बर्ड फ्लू की आशंका के कारण अस्थायी रूप से बंद कर दिये गये पटना स्थित संजय गांधी जैविक उद्यान को आज फिर से खोल दिया गया है। जैविक उद्यान प्रशासन ने बताया कि बिगत दिनों पटना में पोल्ट्री अनुसंधान केन्द्र में मुर्गियों के नमूनों में एवियन एन्फ्लुएंजा की पुष्टि हुई थी। यह स्थान जैविक उद्यान की एक किलोमीटर परिधि में है। इस कारण से एहतियातल चिड़ियाघर को बंद कर दिया गया था।

——————————————————

सिपाही भर्ती की शारीरिक जांच परीक्षा के दौरान पटना में एक फर्जी अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया गया है।

——————————————————

पश्चिम बंगाल के इस्लामपुर स्थित गुंजरिया में एक सड़क दुर्घटना में पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता दम्पती की मौत हो गयी। इस हादसे में दो बच्चे समते पांच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये।

——————————————————

अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच – तीन सौ सत्ताईस– ई पर चरघरिया के पास वाहन जांच के दौरान पुलिस ने तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

पूर्णिया के जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने केन्द्रीय कारा परिसर के मुख्य गेट पर स्थापित मुक्ति बाजार का उद्घाटन किया। इस बाज़ार में कैदियों के बनाये उत्पादों की बिक्री होगी।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है–मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत सियासी यात्रा की शुरूआत चम्पारण से करेंगे। आज पार्टी में शामिल होंगे।

प्रभात खबर का शीर्षक है– आज से जदयू में निशांत युग, बनेंगे डिप्टी सीएम।

दैनिक जागरण ने अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बिहार के बजट में महिलाओं के योगदान से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– बजट में हिस्सेदारी बढ़ी तो महिलाओं ने बढ़ाया जीएसडीपी में योगदान।

आज अखबार का शीर्षक है– गयाजी में बनेगा बिहार का दूसरा चिड़ियाघर।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार आज आधिकारिक तौर पर जदयू की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

02. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आज देश–प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा– महिलाएं समाज और राष्ट्र की नींव हैं।

03. मौसम विभाग का पूर्वानुमान – कल से एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से ग्यारह मार्च तक राज्य के विभिन्न भागों में बारिश की सम्भावना।

04. और, आईसीसी पुरुष टी–20 क्रिकेट विश्व कप के खिताबी मुकाबले में आज भारत और न्यूजीलैंड आमने सामने होंगे।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।